# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)

Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID – commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

—:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::—

क्रमांक/आयुक्त/वा.वि./निविदा/2020/ 1939 धमतरी, दिनांक 21/9/2020

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा वाहनों के मरम्मत कार्य से संबंधित विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत इच्छुक फर्मो/प्रदायकर्ताओं से निविदा फार्म "बी" में निविदा दरें दिनांक 13.10.2020 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा की समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न वाहन सामाग्री | 10.00 | 30000.00 | 01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 05.10.2020<br>02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 06.10.2020 कार्यालयीन समयावधि तक।<br>03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13.10.2020 समय अपरान्ह 5.30 बजे।<br>04. निविदा खोलने की तिथि 14.10.2020 समय प्रातः 11.00 बजे। |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के वाहन विभाग से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट **www.nagarnigamdhamtari.org** में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

पृ. क्रमांक/आयुक्त/वा.वि./निविदा/2020/ 1940 धमतरी, दिनांक 21/9/2020

प्रतिलिपि :–

01. माननीय महापौर/अध्यक्ष (स्पीकर), नगर पालिक निगम धमतरी।
02. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम धमतरी।
03. प्रभारी सदस्य, आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, नगर पालिक निगम धमतरी।
04. कलेक्टोरेट, जिला – धमतरी।
05. अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), धमतरी।
06. कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, धमतरी।
07. प्रेषक, नगर पालिक निगम धमतरी को सूचना फलक में चस्पा करने हेतु।
08. संपादक, प्रतिनिधि, दैनिक सवेरा संकेत समाचार पत्र को 2X8 सें.मी. साईज में उपरोक्त विज्ञापन प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित।
09. ग्रंथपाल, नगर पालिक निगम धमतरी को प्रकाशन पश्चात निविदा सूचना का पेपर कतरन प्रस्तुत करने हेतु।
10. डाटा सेन्टर प्रभारी, नगर पालिक निगम धमतरी की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

## – :: निगम के विभिन्न वाहनों में लगने वाली सामाग्री प्रदाय कार्य के लिए नियम एवं निविदा शर्तें :: –

01. नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 1939 दिनांक 21.9.2020 तहत् निगम के विभिन्न वाहनों में लगने वाली सामाग्रियों की आपूर्ति के लिए इच्छुक फर्मों / प्रदायकर्ता को निविदा प्रपत्र क्रय के लिए स्वहस्ताक्षरित आवेदन पत्र ओरिजनल लेटर हेड में विज्ञापन में उल्लेखित निर्धारित तिथि / समयावधि में प्रस्तुत करना आवश्यक है। निर्धारित तिथि / समयावधि के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

02. निविदा प्रपत्र क्रय के लिए आवेदन पत्र के साथ निविदाकार को अपनी फर्म का निम्नांकित दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
    01. जीएसटी में पंजीयन प्रमाण पत्र।
    02. आयकर विभाग में पंजीयन / आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन कार्ड।

    उपरोक्त दस्तावेजों के अभाव में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही निविदा प्रपत्र जारी किये जायेगें।

03. कार्य के लिए निविदा 02 लिफाफे में (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि पृथक–पृथक) स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही निर्धारित तिथि **दिनांक** 13.10.2020 को समय **अपरान्ह 03:00 बजे** तक जमा करना होगा। अन्य रीति से एवं निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा।

04. विज्ञापन अनुसार सामाग्रियों की आपूर्ति के लिए निविदा के साथ निर्धारित अमानत राशि / मूल एफ.डी. आर सामाग्रीवार जमा / प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नकद राशि स्वीकार नहीं किया जावेगा।

05. निविदा खोलने की कार्यवाही दौरान सर्वप्रथम अमानत राशि जमा वाला लिफाफा खोला जायेगा, निर्धारित अमानत राशि जमा पाये जाने के उपरांत ही मूल निविदा (निविदा प्रपत्र) जमा वाला लिफाफा खोला जायेगा। निर्धारित अमानत राशि जमा नहीं पाये जाने पर मूल निविदा (निविदा प्रपत्र) जमा वाला लिफाफा नहीं खोला जायेगा तथा संबंधित निविदाकर्ता का जमा / प्राप्त निविदा निरस्त माना जायेगा।

06. निविदाकार / फर्म को सामाग्री निविदा दरें शब्दों एवं अंकों में लिखना अनिवार्य होगा। कांट–छांट अथवा ओव्हर राईटिंग की हुई अस्पष्ट निविदा अस्वीकार की जावेगी।

07. सामाग्रियों की आपूर्ति के लिए कम्पनी अनुसार एवं सामाग्रीवार पृथक–पृथक निविदा दर प्रति नग के आधार पर प्रस्तुत करना होगा। सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु दरें शासन को देय समस्त करों सहित देय होगी।

08. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

09. निविदा / निविदा दर स्वीकृति हेतु अधिकृत पदाधिकारी **(आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी)** का किसी भी निविदा / प्राप्त निविदा दर को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

10. प्राप्त निविदायें खोलने, निविदायें लिस्टिंग किये जाने के उपरांत सफल निविदाकार की जमा निविदा अमानत राशि / एफ.डी.आर. को छोड़कर शेष निविदाकारों की जमा अमानत राशि / एफ.डी.आर. वापस / रिलीज कर दी जायेगी। सफल निविदाकार की जमा अमानत राशि / एफ.डी.आर. संतोषप्रद ढग से सामाग्रियों की आपूर्ति / कार्यानुबंध की अवधि समाप्ति उपरांत नियमानुसार वापसी योग्य होगी।

सफल निविदाकार को निविदा दर की स्वीकृति उपरांत कार्यालयीन सूचना अनुसार निर्धारित समयावधि 03 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से 100.00 रूपये के नॉन ज्युडिशियल स्टेम्प पेपर में कार्यानुबंध निष्पादन करना होगा। निर्धारित समयावधि में अनुबंध निष्पादन नहीं करने की स्थिति में सामाग्रियों की आपूर्ति के लिए सफल निविदाकार/फर्म की जमा अमानत राशि राजसात कर सामाग्री की आपूर्ति हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अनुबंध उपरांत कार्यादेश जारी किये जाने पर सामाग्रियों की आपूर्ति एवं फिटिंग कार्य निर्धारित मापदण्ड/गुणवत्ता, स्पेसिफिकेशन के अनुरूप एवं निर्धारित समयावधि के भीतर करना होगा, अन्यथा स्थिति में सफल निविदाकार/अधिकृत फर्म की जमा निविदा अमानत राशि/एफ.डी.आर. राजसात कर, स्वीकृत दर पर सामाग्री क्रय हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। कार्य की अवधि अनुबंध तिथि से 01 वर्ष की होगी समय–समय पर सामाग्री की आवश्यकतानुसार आपूर्ति हेतु कार्यादेश जारी किया गया।

निर्धारित मापदण्ड/गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन के विपरीत प्रदायित सामाग्री स्वीकार्य नही होगा और न ही उसका देयक भुगतान किया जायेगा।

विज्ञापित सामाग्री की मात्रा, अनुमानित लागत में कमी या वृद्धि की जा सकती है। मद में राशि की उपलब्धता अनुसार प्रदायित सामाग्री का देयक भुगतान किया जाएगा।

निविदा/सामाग्री की आपूर्ति/कार्य के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विवाद निराकरण हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमत